MUNJAL SHOWA LIMITED

Registered Office & Works : 9-11, Maruti Industrial Area, Sector - 18, Gurugram - 122 015 (Haryana) INDIA
E-mail : msladmin@munjalshowa.net Website : www.munjalshowa.net
Corporate Identity Number : L34101HR1985PLC020934, PAN : AAACM0070D
Phone : 0124-4783000

**July 15, 2024**

The D.G.M. (Listing)
Corporate Relation Department
BSE Ltd.
Phiroze Jeejeebhoy Towers
Dalal Street
Mumbai-400 001
Security Code: 520043

The Asst. Vice President
Listing Department
National Stock Exchange of India Limited
Exchange Plaza, Plot No. C/1, G Block,
Bandra-Kurla Complex
Bandra (E), Mumbai – 400 051
Security Code: MUNJALSHOW

**Sub: Submission of Newspaper Advertisement, Notice to shareholders for 39th Annual General Meeting and Record date under Regulation 47(3) of SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements), Regulations 2015**

Dear Sir(s),

Pursuant to Regulation 47 and other applicable provisions of SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements), Regulations 2015, please find enclosed herewith the copy of Newspaper advertisement published in newspapers viz. Mint in English language on July 15, 2024 and Hindustan in Hindi Language on July 15, 2024 for notice to shareholders for 39th Annual General Meeting and for Cut-off dates.

Kindly take the aforesaid information on your records.

Thanking you,

Yours sincerely,
**For MUNJAL SHOWA LIMITED**

Neha Bansal Digitally signed by Neha Bansal
Date: 2024.07.15 16:32:14 +05'30'

**(Neha Bansal)**
**Company Secretary & Compliance Officer**
*Encl: as above*




### सात राज्यों में हुए उपचुनाव में जीत से बढ़ा इंडिया गठबंधन का हौसला, सरकार-विपक्ष में फिर टकराव के आसार

# बजट सत्र में विपक्ष और आक्रामक होगा

**नई दिल्ली, विशेष संवाददाता।** लोकसभा के बाद सात राज्यों की 13 विधानसभा सीट पर हुए उपचुनाव के परिणाम का असर बजट सत्र में दिखाई देगा। इस जीत से उत्साहित इंडिया गठबंधन आम आदमी से जुड़े मुद्दों पर सरकार को और ताकत के साथ घेरने की कोशिश करेगा। ऐसे में बजट सत्र के दौरान सत्तापक्ष और विपक्ष के बीच टकराव बढ़ सकता है।

इंडिया गठबंधन 18वीं लोकसभा के पहले संसद सत्र में सरकार को मजबूत विपक्ष का अहसास करा चुका है। विपक्ष ने नीट के मुद्दे पर सरकार को घेरने की पूरी कोशिश की थी पर राष्ट्रपति के अभिभाषण पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जवाब के बाद दोनों पक्षों में दूरियां बढ़ी है। सरकार के 25 जून को संविधान हत्या दिवस मनाने के ऐलान से टकराव और बढ़ सकता है।

कांग्रेस के एक वरिष्ठ नेता ने कहा कि इन उपचुनाव में जीत से हमारे हौसले बढ़े हैं। इन परिणाम से साफ हो गया है कि मतदाताओं का भाजपा से भरोसा उठ गया है। इस जीत का जहां चार राज्यों के चुनाव में राजनीतिक लाभ मिलेगा, वहीं संसद के बजट सत्र में भी इसका असर दिखाई देगा। विपक्षी खेमा और आक्रामकता के साथ आम आदमी से जुड़े मुद्दों पर सरकार को घेरेगा। रणनीतिकार मानते हैं कि उपचुनाव में इंडिया गठबंधन के बेहतर प्रदर्शन से महाराष्ट्र, झारखंड, हरियाणा और जम्मू-कश्मीर में गठबंधन की जीत की संभावनाएं और प्रबल हुई हैं। इन चार में से तीन राज्यों में कांग्रेस इंडिया गठबंधन के घटकदलों के साथ मिलकर चुनाव लड़ेगी, जबकि हरियाणा में कांग्रेस अकेले चुनाव में उतरने की तैयारी में है।

#### किसान और युवाओं से जुड़े मसले अहम

विपक्ष के एक वरिष्ठ सांसद ने कहा कि संसद के बजट सत्र में विपक्षी खेमा सदन में आम आदमी, किसान और युवाओं के मुद्दों को उठाएगा। विपक्ष इस सत्र के दौरान उन सभी मुद्दों पर सरकार को घेरने की कोशिश करेगा, जो आने वाले विधानसभा चुनाव में इंडिया गठबंधन के मुख्य चुनावी मुद्दे होंगे। उन्होंने कहा कि विपक्ष लोकसभा के मुद्दों को आधार बनाकर चुनाव लड़ेगा।

## पेश हो सकता है बीमा कानून संशोधन विधेयक

सरकार 2047 तक सभी के लिए बीमा के लक्ष्य को हासिल करने के लिए आगामी बजट सत्र के दौरान बीमा अधिनियम, 1938 में संशोधन करने वाला विधेयक पेश कर सकती है। विधेयक का मसौदा तैयार है। इसे मंजूरी के लिए मंत्रिमंडल के पास भेजा जाना है। दिसंबर, 2022 में बीमा अधिनियम, 1938 और बीमा विनियामक अधिनियम, 1999 में प्रस्तावित संशोधनों पर टिप्पणियां आमंत्रित की थीं।



#### ये प्रावधान किए जा सकते हैं शामिल

समग्र लाइसेंस, अंतर पूंजी, सॉल्वेंसी मानदंडों में राहत, कैप्टिव लाइसेंस जारी करना, निवेश नियमों में बदलाव, मध्यवर्तियों के लिए एकमुश्त पंजीकरण और बीमा कंपनियों को अन्य वित्तीय उत्पाद वितरित करने की अनुमति देना।

#### ये फायदे होंगे

सूत्रों ने बताया कि प्रस्तावित संशोधन से पॉलिसीधारकों के हितों को बढ़ावा मिलेगा, पॉलिसीधारकों को अच्छा रिटर्न मिलेगा, अधिक प्रतिभागियों का प्रवेश आसान बनेगा जिससे आर्थिक विकास और रोजगार सृजन को बढ़ावा मिलेगा। बीमा उद्योग की परिचालन और वित्तीय दक्षता में वृद्धि होगी तथा कारोबार को आसान बनाया जा सकेगा।

#### ये होंगे बदलाव

इससे विभेदित बीमा कंपनियों का प्रवेश बैंकिंग क्षेत्र में संभव हो सकेगा। बैंकिंग क्षेत्र को इस समय यूनिवर्सल बैंक, लघु वित्त बैंक और भुगतान बैंक के रूप में वर्गीकृत किया गया है। समग्र लाइसेंस के प्रावधान से जीवन बीमा कंपनियों को स्वास्थ्य बीमा या सामान्य बीमा पॉलिसियों को अंडरराइट करने की अनुमति मिलेगी। बीमा अधिनियम, 1938 के प्रावधानों के अनुसार, जीवन बीमा कंपनियां केवल जीवन बीमा कवर ही दे सकती हैं, जबकि साधारण बीमा कंपनियां स्वास्थ्य, मोटर, आग लगने जैसे गैर–बीमा उत्पाद दे सकती हैं। इरडा बीमा कंपनियों के लिए समग्र लाइसेंसिंग की अनुमति नहीं देता है।

## टीकाकरण पर नजर रखेगा यू-विन पोर्टल

**नई दिल्ली, एजेंसी।** नियमित टीकाकरण का इलेक्ट्रॉनिक रिकॉर्ड रखने के लिए कोविड-19 वैक्सीन प्रबंधन प्रणाली को-विन की तरह यू-विन पोर्टल को अगस्त के अंत तक पूरे भारत में लॉन्च कर दिया जाएगा।

फिलहाल यू-विन पर पश्चिम बंगाल को छोड़कर सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में काम चल रहा है। अभी डेटा अपलोड करने पर विचार किया जा रहा है। 'यू-विन' प्लेटफॉर्म सार्वभौमिक टीकाकरण कार्यक्रम (यूआईपी) के अंतर्गत, गर्भवती महिलाओं और बच्चों के लिए प्रत्येक टीकाकरण कार्यक्रम को दर्ज करता है।

## छगन भुजबल ने शरद पवार को घेरा

**बारामती, एजेंसी।** महाराष्ट्र के मंत्री छगन भुजबल ने रविवार को राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरदचंद्र पवार) प्रमुख शरद पवार पर परोक्ष हमला किया।

उन्होंने दावा किया कि विपक्षी महा विकास आघाड़ी (एमवीए) ने 'शाम पांच बजे बारामती से फोन आने' के बाद नौ जुलाई को मराठा आरक्षण मुद्दे पर सर्वदलीय बैठक का बहिष्कार किया। भुजबल ने बारामती में एक रैली को संबोधित करते हुए कहा, 'जब सामाजिक मुद्दे सामने आते हैं, तो यह उम्मीद की जाती है कि शरद पवार जैसे वरिष्ठ नेता को बैठक में आना चाहिए और अपने सुझाव देने चाहिए।

### देश 30S

#### केसीआर की याचिका पर सुनवाई आज

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट भारत राष्ट्र समिति प्रमुख के. चंद्रशेखर राव (केसीआर) के मुख्यमंत्रित्व काल में बिजली क्षेत्र की कथित गड़बड़ी की जांच के लिए आयोग गठित करने के खिलाफ उनकी याचिका पर सोमवार को सुनवाई करेगा। राव ने तेलंगाना उच्च न्यायालय के उस आदेश को शीर्ष अदालत में चुनौती दी है जिसमें आयोग गठन को अवैध घोषित करने की उनकी याचिका रद्द कर दी गई है।

#### कार पर पथराव से सेवानिवृत्त नर्स की मौत

**जबलपुर।** मध्य प्रदेश के जबलपुर में नशे में धुत कुछ लोगों द्वारा कार पर पथराव करने से रविवार तड़के एक सेवानिवृत्त नर्स की मौत हो गई। पीड़ित विराज दुबे अपने भतीजे के साथ सुबह करीब 3 बजे दुर्गा नगर ग्वारीघाट इलाके में अपने घर जा रही थीं। वह कार की पिछली सीट पर बैठी थीं। तभी गन फैक्ट्री के पास नशे में धुत कुछ लोगों ने वाहन पर पथराव कर दिया, जिससे उनके सिर में चोट लग गई। उन्हें अस्पताल ले जाया गया, जहां कुछ देर बाद उनकी मौत हो गई।

#### भाजपा ने पीएससी मामले की जांच की मांग की

**तिरुवनंतपुरम।** भाजपा ने केरल लोक सेवा आयोग (पीएससी) में नियुक्तियों के लिए रिश्वत दिए जाने के आरोपों को लेकर सत्तारूढ़ माकपा पर हमला तेज कर दिया है। पार्टी ने राज्य पुलिस प्रमुख के समक्ष रविवार को शिकायत दर्ज करा गहन जांच की मांग की। भाजपा के राज्य प्रमुख के. सुरेंद्रन ने कहा कि माकपा सरकार रिश्वत लेकर पीएससी में नियुक्तियां कर रही है।

#### वक्फ बोर्ड के पूर्व सीईओ धोखाधड़ी में फंसे

**बेंगलुरु।** स्थानीय पुलिस ने चार करोड़ के घोटाले में संलिप्तता को लेकर वक्फ बोर्ड के पूर्व सीईओ जुल्फिकारुल्लाह के खिलाफ दूसरी प्राथमिकी दर्ज की है। यह नवीनतम घटनाक्रम 2016 में पहली एफआईआर दर्ज होने के आठ साल बाद सामने आया है। शिकायत के अनुसार, जुल्फिकारुल्लाह ने सीईओ के रूप में अपने कार्यकाल के दौरान 2016 में चार करोड़ की हेराफेरी की।

#### ओडिशा में करंट से 18 बच्चों समेत 20 लोग झुलसे

**ब्रह्मपुर।** ओडिशा के गंजाम जिले में रविवार को एक रंगमंच प्रदर्शन के लिए बनाए गए धातु के मंच पर चढ़ने के दौरान 18 बच्चों सहित कम से कम 20 लोग बिजली का करंट लगने से झुलस गए। एक डॉक्टर ने बताया कि घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है, उनकी हालत स्थिर है। ब्रह्मपुर की उप जिलाधिकारी धीनात दस्तंगर ने बताया कि उन्होंने घटना के कारणों की जांच करने को कहा है।

## खेडकर की लाल बत्ती लगी लग्जरी कार जब्त

**महाराष्ट्र**

**पुणे, एजेंसी।** पुणे पुलिस ने विवादों में रहीं परिवीक्षाधीन आईएएस अधिकारी पूजा खेडकर द्वारा लाल बत्ती लगाकर अवैध रूप से इस्तेमाल की गई लग्जरी कार रविवार को जब्त कर ली। पुलिस अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

पुणे क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय (आरटीओ) ने शहर की एक निजी कंपनी को गुरुवार को नोटिस जारी किया था।

34 वर्षीय खेडकर की यहां नियुक्ति के दौरान उनके द्वारा इस्तेमाल की गई ऑडी कार इसी कंपनी के नाम से पंजीकृत है। खेडकर हाल में पुणे में अपने पदस्थापन के दौरान अलग कक्ष और कर्मचारी जैसी मांगों को लेकर विवाद खड़ा करने के बाद चर्चा में रही थीं। भारतीय प्रशासनिक सेवा में चुने जाने के लिए उन्होंने दिव्यांगता और अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) कोटा का कथित तौर पर दुरुपयोग किया था।

खेडकर ने ऑडी कार पर कथित तौर पर लाल बत्ती का इस्तेमाल किया और बिना अनुमति उसपर महाराष्ट्र सरकार भी लिखवाया था। बाद के बाद उन्हें प्रशिक्षण पूरा होने से पहले पुणे से वाशिम जिले में स्थानांतरित कर दिया गया था। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने रविवार को बताया कि कार को जब्त कर लिया गया है, उसके दस्तावेजों की जांच की जाएगी और हम मामले की जांच कर रहे हैं।



खेडकर अलग कक्ष जैसी मांगों को लेकर चर्चा में रही थीं

## कनाडा के आतंकी लांडा के पांच सहयोगी गिरफ्तार

**कार्रवाई**

- पंजाब पुलिस ने जालंधर से पकड़ा
- उनके पास से तीन पिस्तौल बरामद

**चंडीगढ़, एजेंसी।** कनाडा के आतंकवादी लखबीर सिंह उर्फ लांडा के पांच सहयोगियों को गिरफ्तार किया गया है। पंजाब पुलिस प्रमुख ने रविवार को यह जानकारी दी।

पुलस महानिदेशक (डीजीपी) गौरव यादव ने बताया कि उनके पास से तीन पिस्तौल बरामद की गईं। उन्होंने एक्स पर पोस्ट में कहा कि संगठित अपराध के खिलाफ एक बड़ी सफलता के तहत जालंधर कमिश्नरेट पुलिस ने कनाडा स्थित आतंकवादी लखबीर उर्फ लांडा के पांच और सहयोगियों को गिरफ्तार किया है। डीजीपी ने कहा कि लांडा गिरोह के गिरफ्तार सदस्यों की संख्या बढ़कर अब 13 हो गई है।

यादव ने बताया कि यह गिरोह पंजाब के कई जिलों में हत्या, जबरन वसूली जैसे कई जघन्य अपराधों और कई अन्य आपराधिक गतिविधियों में शामिल है। इसके पहले 10 जून को पुलिस ने बताया था कि उसने लांडा के तीन सहयोगियों को गिरफ्तार किया। आतंकवादी के पांच और सहयोगियों को 30 जून को गिरफ्तार किया गया था।

## बसपा नेता के हत्यारोपी को पुलिस ने मार गिराया

**तमिलनाडु**

**चेन्नई, एजेंसी।** बसपा की तमिलनाडु इकाई के प्रमुख के. आर्मस्ट्रांग की हत्या के एक प्रमुख आरोपी को रविवार को चेन्नई पुलिस ने मार गिराया। आरोपी हिरासत में था और उसने पुलिसकर्मी पर हमलाकर भागने की कोशिश की। इस पर पुलिस ने उस पर फायरिंग कर दी।

पुलिस ने बताया कि जब आरोपी के. थिरुवेंगदम को जांच के तहत उत्तरी चेन्नई क्षेत्र में ले जाया गया तो उसने एक पुलिसकर्मी पर हमला कर भागने की कोशिश की। थिरुवेंगदम को बसपा नेता की हत्या में इस्तेमाल किए गए हथियारों की बरामदगी के लिए वहां ले जाया गया था। गोली लगने के बाद पुलिस उसे अस्पताल भी ले गई जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। आर्मस्ट्रांग की हत्या में गिरफ्तार 11 लोगों में से 30 वर्षीय थिरुवेंगदम एक कुख्यात अपराधी था।

#### मुठभेड़ पर सवाल

विपक्षी दल अन्नाद्रमुक व भाजपा ने इस मुठभेड़ पर सवाल उठाए हैं। कहा है बसपा नेता की हत्या के बाद थिरुवेंगदम ने पुलिस के सामने आत्मसमर्पण किया था। ऐसे में वह हिरासत में भागने की कोशिश क्यों करेगा। इसके साथ ही उन्होंने आर्मस्ट्रांग की हत्या की सीबीआई जांच की मांग दोहराई।

## शिक्षा क्षेत्र के लिए बढ़ सकता है आवंटन




**नई दिल्ली, विशेष संवाददाता।** मोदी सरकार की तीसरी पारी के पहले आम बजट में शिक्षा क्षेत्र के लिए आवंटन में करीब 15 फीसदी की बढ़ोतरी की उम्मीद जताई जा रही है। प्राथमिक शिक्षा में नई शिक्षा नीति के तहत लर्निंग टूल को विकसित करने पर बजट में जोर होगा। जबकि, डिजिटल शिक्षा के साथ रिसर्च और इनोवेशन सरकार की प्राथमिकता में रहेगा।

एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, शिक्षा विभाग के प्रस्तावों को आगे बढ़ाने के लिए कम से कम 13 से 15 फीसदी आवंटन बढ़ाना होगा। यह शैक्षिक पहलों के लिए निरंतर समर्थन की प्रवृत्ति और शैक्षिक ढांचे को और मजबूत करने की ज़रूरत के आधार पर होगा। वर्ष 2023 के बजट में स्कूली शिक्षा के लिए 68,805 करोड़ आवंटित किए गए थे। उच्च शिक्षा को 44,095 करोड़ रुपये मिले थे। पिछले आवंटन और शिक्षा से जुड़ी योजनाओं के महत्व को देखते हुए इसके पुख्ता संकेत हैं कि इस बार आवंटन में पर्याप्त बढ़ोतरी की जाएगी।

**नौएडा**

**नवीन ओखला औद्योगिक विकास प्राधिकरण**

मुख्य प्रशासनिक भवन, सैक्टर-6, नौएडा, गौतमबुद्ध नगर

वेबसाइट : www.noidaauthorityonline.in

**ई-निविदा आमंत्रण सूचना**

अर्ह निविदाकारा से निम्न जॉब हेतु ई–निविदायें आमंत्रित की जाती है, जिन्हें निम्नानुसार तिथियों तक अपलोड किया जा सकता है एवं प्राप्त ई–निविदाओं को उनके सम्मुख दर्शायी गई तिथियों पर खोला जाएगा। निविदा संबंधी समस्त विवरण व शर्तें नौएडा प्राधिकरण की अधिकारिक वेबसाईट www.noidaauthorityonline.in एवं https://etender.up.nic.in पर उपलब्ध है। किसी परिवर्तन, संशोधन एवं अतिरिक्त सूचनाओं के लिए उक्त वेबसाईट देखते रहें।

| क्र.सं. | जॉब संख्या/कार्य का नाम | कार्य की लागत (रू० लाख में) |
|---|---|---|
| 1. | 104 / निदे0(उ0) / उ0निदे0(उ0)–I / 2023–24, सैक्टर–63 स्थित ए–ब्लॉक एवं बी–ब्लॉक की हरित पट्टिका पर कंसर्टिना तार फेन्सिंग एवं गिल लगाने का कार्य । | 96.63 |
| 2. | 105 / निदे0(उ0) / उ0निदे0(उ0)–I / 2023–24, पार्क अनुरक्षण (सैक्टर–26 एवं 27 के विभिन्न पार्कों में फुटपाथ, चारदीवारी, गेट, ग्रिल की मरम्मत तथा अन्य सिविल वार्षिक अनुरक्षण हेतु कार्य। | 42.75 |
| 3. | 04 / निदे0(उ0) / उ0निदे0(उ0)–I / 2024–25, ग्रीन बेल्ट अनुरक्षण (सैक्टर–62 में फोर्टिस अस्पताल के पास वाली ग्रीन बेल्ट में फुटपाथ की मरम्मत का कार्य । | 39.28 |
| 4. | 05 / निदे0(उ0) / उ0निदे0(उ0)–I / 2024–25, ग्रीन बेल्ट अनुरक्षण (सैक्टर–123 की ग्रीन बेल्ट की चारदीवारी की मरम्मत तथा कंटीला तार लगाने का कार्य। | 79.85 |
| 5. | 06 / निदे0(उ0) / उ0निदे0(उ0)–I / 2024–25, सैक्टर–65 स्थित ए–ब्लॉक एव बी–ब्लॉक पार्कों के फुटपाथ का अनुरक्षण का कार्य। | 41.02 |
| 6. | 13 / निदे0(उ0) / उ0निदे0(उ0)–I / 2024–25, पार्क अनुरक्षण सैक्टर–56 के ए, बी, सी एवं एफ ब्लाक के पार्कों में चारदीवारी की मरम्मत का कार्य | 33.67 |
| 7. | 14 / निदे0(उ0) / उ0निदे0(उ0)–I / 2024–25, पार्क विकास सैक्टर–14 एवं 15 के पास शहदरा ड्रेन के पर वर्टिकल गार्डन के एम0एस0 फ्रेम बदलने का कार्य। | 27.87 |
| 8. | 04 / निदे0(उ0) / उ0निदे0(उ0)–II / 2024–25, पार्क अनुरक्षण–मेघदूतम पार्क सेक्टर–50, लूप पार्क सैक्टर–128 एंव सैक्टर–94 के पार्कों में निर्मित रेन वाटर हार्वेस्टिंग के अनुरक्षण कार्य। | 41.06 |
| 9. | 05 / निदे0(उ0) / उ0निदे0(उ0)–II / 2024–25, सैक्टर–52 में स्थित एल शेप पार्क में फुटपाथ की मरम्मत का कार्य एवं अन्य सिविल का कार्य। | 36.03 |
| 10. | 06 / निदे0(उ0) / उ0निदे0(उ0)–II / 2024–25, सैक्टर–51 के चिल्ड्रन पार्क में स्टोर, टायलेट व हट का नवीनीकरण एवं अन्य सिविल कार्य। | 50.73 |
| 11. | 07 / निदे0(उ0) / उ0निदे0(उ0)–II / 2024–25, सैक्टर–61 की ग्रीन बैल्ट आन्तरिक चारदीवारी व ग्रिल की मरम्मत का कार्य। | 34.78 |
| 12. | 08 / निदे0(उ0) / उ0निदे0(उ0)–II / 2024–25, उद्यान खण्ड–द्वितीय के अन्तर्गत सैक्टर–49, 50, 51, 52, 53 एंव सैक्टर–61 के विभिन्न पार्कों में रेन वाटर हार्वेस्टिंग की मरम्मत कार्य। | 61.06 |
| 13. | 09 / निदे0(उ0) / उ0निदे0(उ0)–II / 2024–25, सैक्टर–105 के सैन्ट्रल पार्क एवं प्लस पार्क के फुटपाथ एवं ग्रिल की मरम्मत का कार्य। | 70.99 |
| 14. | 11 / निदे0(उ0) / उ0निदे0(उ0)–II / 2024–25, सैक्टर–61 में ई–1, त्रिफला पार्क, तिकोना पार्क, ट्रापेजोईडाल पार्क, डी–93 के पास, सी–55 के पास, सी–122 के पास सी–134ए एवं सी–120ए के पार्कों में चारदीवारी, गेट, ग्रिल की मरम्मत व पेन्टिंग का कार्य तथा गोलचक्कर का सौन्दर्यकरण कार्य। | 55.45 |
| 15. | 13 / निदे0(उ0) / उ0निदे0(उ0)–II / 2024–25, सैक्टर–105 के विभिन्न पार्कों के फुटपाथ, चारदीवारी, ग्रिल, गेट तथा अन्य सिविल कार्य का वार्षिक आधार पर कराने का कार्य। | 43.07 |
| 16. | 14 / निदे0(उ0) / उ0निदे0(उ0)–II / 2024–25, सैक्टर–40 के सैन्ट्रल पार्क में कच्चे फुटपाथ का निर्माण कार्य तथा पत्थर बदलने का कार्य। | 39.01 |
| 17. | 15 / निदे0(उ0) / उ0निदे0(उ0)–II / 2024–25, सैक्टर–34 में सैक्टर–33 के सामने तथा ग्राम गिझौल के सामने वाली ग्रीन बैल्ट की चारदीवारी सुदृढ़ता हेतु दीवार पर पोईटिंग का कार्य तथा कटींला तार लगाने का कार्य। | 79.97 |
| 18. | 20 / निदे0(उ0) / उ0निदे0(उ0)–II / 2024–25, सैक्टर–42, 46, 47, 48 के पार्क में गजबो हट का निर्माण कार्य। | 30.77 |
| 19. | 21 / निदे०(उ0) / उ0निदे0(उ0)–II / 2024–25, उद्यान खण्ड–द्वितीय के अन्तर्गत विभिन्न पार्कों में गजबों हट का निर्माण कार्य । | 42.31 |
| 20. | 14 / निदे0(उ0) / उ0निदे0(उ0)–III / 2024–25, सैक्टर–92 में स्थित ग्रीन बैल्ट की चारदीवारी का निर्माण एवं कच्चा फुटपाथ का निर्माण कार्य। | 98.32 |
| 21. | 15 / निदे0(उ0) / उ0निदे0(उ0)–III / 2024–25, नौएडा सैक्टर–91 के बायोडायरवर्सिटी पार्क में बिल्डिंग, टॉयलेट ब्लाक, पाथवे की मरम्मत एवं रंगमच के ग्रीन एरिया में ग्रेनाईट ब्लाक का निर्माण कार्य। | 66.28 |
| 22. | 18 / निदे0(उ0) / उ0निदे0(उ0)–III / 2024–25, उद्यान खण्ड–तृतीय के विभिन्न पार्कों में रेनवाटर हार्वेस्टिंग पिट का निर्माण कार्य। | 84.03 |
| 23. | 27 / निदे0(उ0) / उ0निदे0(उ0)–III / 2024–25, सैक्टर–138 में प्लाट नं०–25 के पास स्थित पार्क की चारदीवारी उठाना और पास में फुटपाथ निर्माण कार्य। | 35.40 |
| 24. | 29 / निदे0(उ0) / उ0निदे0(उ0)–III / 2024–25, सैक्टर–142, 143, 144 और 145 में चारदीवारी की मरम्मत, ग्रिटवाश कंसर्टिना कॉइल फैसिंग लगाने के साथ अन्य सिविल कार्य। | 73.82 |

जिन्हें दिनांक **30.07.2024** को **सायं 5.00 बजे** तक अपलोड किया जा सकता है। प्राप्त निविदाओं की प्री–क्वालिफिकेशन बिड दिनांक **31.07.2024** को **प्रातः 11.00 बजे** खोली जाएगी।

**निदेशक (उद्यान)**
**नौएडा**

**स्वच्छ, हरित, सकुशल, सुरक्षित नौएडा**

**MUNJAL SHOWA**

**मुंजाल शोवा लिमिटेड**

**सीआईएन:** L34101HR1985PLC020934

**पंजीकृत कार्यालय एवं वर्क्स:** 9–11, मारूति इंडस्ट्रियल एरिया, सेक्टर 18, गुरूग्राम-122015 (हरियाणा); **फोन:** +91-124-4783000; **ई-मेल:** cs@munjalshowa.net

**वेबसाइट:** www.munjalshowa.net

**39वीं वार्षिक आम बैठक एवं रिकार्ड तिथि की सूचना**


एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि मुंजाल शोवा लिमिटेड (**'कम्पनी'**) की 39वीं वार्षिक आम बैठक (**'एजीएम') बुधवार, 21 अगस्त, 2024 को पूर्वाह्न 11:00 बजे (भारतीय मानक समय)** पर कम्पनी अधिनियम, 2013 (**'अधिनियम'**) के लागू होने योग्य प्रावधानों एवं उसके आधार पर बनाए गए नियमों तथा सेबी (सूचीबद्धता बाध्यताएँ और प्रकटीकरण अपेक्षाएँ) विनियम, 2015 (**'सूचीबद्धता विनियम'**) के साथ पठित कॉर्पोरेट कार्य मंत्रालय (**'एमसीए'**) एवं भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (**'सेबी'**) द्वारा इस विषय पर जारी सभी लागू होने योग्य परिपत्रों के अनुपालन में वीडियो कॉन्फ्रेंस (**'वीसी'**) के माध्यम से एजीएम की आहूत सूचना में निर्धारित व्यवसायों के सम्पादन हेतु आयोजित की जाएगी। सदस्य वीसी के माध्यम से एजीएम में सम्मिलित हो सकेंगे।

1. **वार्षिक रिपोर्ट की उपलब्धता एवं एजीएम की सूचना:**
   प्रासंगिक परिपत्रों के अनुपालन में, एजीएम की सूचना एवं वित्तीय वर्ष 2023–24 की वार्षिक रिपोर्ट कम्पनी के उन सभी सदस्यों को भेजी जाएगी जिनका ईमेल पता कम्पनी/रजिस्ट्रार व शेयर ट्रांसफर एजेंट (**'आरटीए'**)/डिपॉजिटरी पार्टिसिपेंट्स (**'डीपी'**) के साथ पंजीकृत है। ये कम्पनी की वेबसाइट www.munjalshowa.net, स्टॉक एक्सचेंज अर्थात् बीएसई लिमिटेड www.bseindia.com एवं नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड www.nseindia.com तथा सेंट्रल डिपॉजिटरी सर्विसेज (इंडिया) लिमिटेड (**'सीडीएसएल'**) की ई–वोटिंग वेबसाइट www.evotingindia.com पर भी उपलब्ध होंगे।
2. **ईमेल पता को पंजीकृत/अद्यतन करने की प्रक्रिया:**
   अ) भौतिक तौर पर शेयरों को प्रतिरक्षित करने वाले सदस्य, जिन्होंने कम्पनी के साथ अपना ईमेल पता पंजीकृत/अद्यतन नहीं किया है, से अनुरोध है कि इसे, (i) नाम, फोलियो संख्या एवं पूरा पता उल्लिखित करते हुए हस्ताक्षरित अनुरोध पत्र (ii) पैन कार्ड की स्व–सत्यापित स्कैन कॉपी एवं (iii) कम्पनी के साथ सदस्य के पंजीकृत पते के समर्थन में इनमें से किसी भी दस्तावेज की स्व–सत्यापित स्कैन कॉपी (जैसे आधार कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, मतदाता पहचान पत्र, पासपोर्ट) कम्पनी के आरटीए, एमसीएस शेयर ट्रांसफर एजेंट लिमिटेड को helpdeskdelhi@mcsregistrars.com अथवा admin@mcsregistrars.com पर भेजकर पंजीकृत/अद्यतन करायें।
   आ) डीमैटेरियलाइज्ड तौर पर शेयर प्रतिरक्षित करने वाले सदस्यों से अनुरोध है कि कम्पनी से इलेक्ट्रॉनिक रूप मे सभी संचार प्राप्त करने हेतु संबंधित डीपी के साथ अपना ईमेल पता पंजीकृत/अद्यतन करें।
3. **ई–वोटिंग के माध्यम से वोट डालने की प्रक्रिया:**
   (अ) सदस्यों को एजीएम की सूचना में निर्धारित व्यवसायों पर अपना वोट डालने का अवसर इलेक्ट्रॉनिक रूप से या तो एजीएम के पूर्व उपलब्ध रिमोट ई–वोटिंग सिस्टम के माध्यम से या एजीएम के दौरान इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग सिस्टम के माध्यम से उपलब्ध होगा।
   (आ) डीमैटेरियलाइज्ड तौर पर, भौतिक तौर पर शेयरों की प्रतिरक्षा करने वाले तथा जिन सदस्यों ने अपना ईमेल पता पंजीकृत नहीं कराया है, उन्हें रिमोट ई–वोटिंग तथा एजीएम के दौरान ई–वोटिंग की प्रक्रिया एजीएम की सूचना में प्रदान की जाएगी। रिमोट ई–वोटिंग की अवधि रविवार 18 अगस्त, 2024 को प्रातः 9:00 बजे से आरम्भ होगी एवं मंगलवार 20 अगस्त, 2024 को सायं 5:00 बजे समाप्त होगी। यह विवरण कम्पनी की वेबसाइट www.munjalshowa.net पर भी उपलब्ध होगा।
   (इ) एजीएम में ई–वोटिंग की सुविधा एजीएम में भाग लेने वाले उन सदस्यों के लिए उपलब्ध होगी जिन्होंने रिमोट ई–वोटिंग द्वारा अपना वोट नहीं डाला हो।
4. **लाभांश और उसके भुगतान हेतु कट ऑफ तिथि:**
   (अ) कम्पनी ने 31 मार्च, 2024 को समाप्त वित्तीय वर्ष हेतु कम्पनी के निदेशक मंडल द्वारा अनुशंसित लाभांश के लिए सदस्यों की पात्रता निर्धारित करने हेतु **शुक्रवार, 2 अगस्त, 2024** को **'कट ऑफ'** के रूप में निर्धारित किया है।
   (आ) इसके अतिरिक्त, कम्पनी की वार्षिक आम बैठक के उद्देश्य से कम्पनी के सदस्यों का रजिस्टर एवं शेयर अंतरण पुस्तकें **शनिवार, 3 अगस्त, 2021 से बुधवार, 21 अगस्त, 2024 (दोनों दिन शामिल)** तक बंद रहेंगे।
   (इ) उक्त लाभांश का भुगतान अथवा लाभांश वारंट का प्रेषण बृहस्पतिवार, 19 सितम्बर, 2024 को या उससे पूर्व किया जाएगा।
   (ई) प्रासंगिक परिपत्रों के अनुसार, लाभांश का भुगतान इलेक्ट्रॉनिक मोड के माध्यम से उन सदस्यों को किया जाएगा जिन्होंने अपने बैंक खाते का विवरण अद्यतन किया है। जिन सदस्यों ने अपने बैंक खाते का विवरण अद्यतन नहीं किया है, उनके पंजीकृत पते पर लाभांश वारंट/डिमांड ड्राफ्ट भेजे जाएंगे।
   (उ) सदस्य ध्यान दें कि आयकर अधिनियम, 1961, वित्त अधिनियम, 2020 द्वारा संशोधित, के अधिदेशानुदार 1 अप्रैल, 2020 के बाद किसी कम्पनी द्वारा भुगतान या वितरित लाभांश सदस्यों के हाथ में कर योग्य होगा। अतः, कम्पनी लाभांश का भुगतान करते समय स्रोत पर कर (टीडीएस) व्यवकलित करेगी। उपयुक्त टीडीएस दर, जैसा लागू हो, निर्धारित करने में हमें सक्षम बनाने हेतु, सदस्यों से अनुरोध है कि वे आयकर अधिनियम, 1961 के प्रावधानों के अनुसार दस्तावेज जमा करें। अधिक जानकारी के लिए कृपया एजीएम की सूचना के नोट्स देखें।
5. **लाभांश प्राप्त करने अधिदेश दर्ज करने की प्रक्रिया:**
   (अ) डीमैटेरियलाइज्ड तौर पर शेयर प्रतिरक्षित करने वाले सदस्यों से अनुरोध है कि वे अपने संबंधित डीपी के साथ बैंक खाते के विवरण को पंजीकृत/अद्यतन करें।
   (आ) भौतिक तौर पर शेयर प्रतिरक्षित करने वाले सदस्य कम्पनी के आरटीए को helpdeskdelhi@mcsregistrars.com अथवा admin@mcsregistrars.com पर: (i) हस्ताक्षरित अनुरोध पत्र की स्कैन की गई प्रति जिसमें सदस्य का नाम, फोलियो संख्या, बैंक विवरण (बैंक खाता संख्या, बैंक एवं शाखा का नाम व पता, आईएफएससी, एमआईसीआर विवरण (ii) पैन कार्ड की स्व–सत्यापित प्रति तथा (iii) रद्द चेक की प्रति के साथ अनुरोध भेज सकते हैं।

**सदस्यों से अनुरोध है कि वे एजीएम की सूचना में दिए गए सभी नोट्स और विशेष रूप से एजीएम में शामिल होने के निर्देश, रिमोट ई–वोटिंग के माध्यम से एवं एजीएम के दौरान ई–वोटिंग के माध्यम से वोट डालने की प्रक्रिया ध्यान से पढ़ें।**

**निदेशक मंडल के आदेशानुसार**
**हस्ता०/–**
**नेहा बंसल**
**सदस्यता सं: A38848**
**कम्पनी सचिव एवं अनुपालन अधिकारी**

**स्थान : गुरूग्राम**
**तिथि : 13 जुलाई, 2024**



PRANAY BHARDWAJ/MINT

# Cos raise $310 mn in PE, VC funding

K Amoghavarsha & Malvika Maloo

BENGALURU

Indian startups last week saw a slight uptick in private equity (PE) and venture capital (VC) dealmaking in terms of value, while deal volume declined on a week-on-week basis. PE/VC investment last week edged above the $300 million mark, by way of a large-ticket investment in the renewable energy space from an offshore investor, as Indian startups raised $310 million across 15 deals. In contrast, startups raised $246 million across 20 deals the week before.

In terms of the largest deal recorded last week, Canadian investment firm Brookfield Asset Management Inc invested $200 million in Tamil Nadu-based Leap Green Energy, acquiring a majority stake in the renewable energy firm. The Canadian firm, an active investor in India's renewable energy, infrastructure, and real estate sectors, said it will subscribe to fresh shares and buy equity from existing shareholders. During the same period, US-based private equity fund TA Associates made an undisclosed investment in mortgage lender Vastu Housing Finance Corp. Ltd.

VCCircle was the first to report that the asset management firm would pick up around 12% stake in Vastu for $150 million. The transaction is likely to have valued the firm at around $1.2 billion. Last week saw a couple of deals within the $10-40 million range too.

*k.amoghavarsha@livemint.com*

# India eyes H2 fuel road map

A panel headed by Nitin Gadkari will develop recommendations and an action plan to create hydrogen corridors

Alisha Sachdev
alisha.sachdev@livemint.com
NEW DELHI

India is preparing to launch a roadmap aimed at establishing a hydrogen-dispensing infrastructure across the country to promote the gas as a clean mobility fuel.

Currently, with only a couple of operational hydrogen filling stations, the push is on to engage private participants in building additional dispensing facilities locally, two senior government officials aware of the plans told *Mint* on condition of anonymity.

A specialized steering committee, composed of officials from the ministry of road transport and highways, the ministry of new and renewable energy, and including the Principal Scientific Adviser to the government, is scheduled to convene in August or September. This committee's objective is to develop recommendations and an action plan to create hydrogen corridors, promote domestic storage of hydrogen and dispensing infrastructure, and standardize hydrogen storage pressure in India. Union minister for road transport and highways Nitin Gadkari will chair the meeting. The ministry is a key stakeholder in India's National Hydrogen Mission and the government's broader initiative to support cleaner, alternative fuels to combat climate change.



Efforts are on to engage private players in building facilities locally. REUTERS

"If India doesn't have a dispensing ecosystem, how do we build hydrogen highways and how do we encourage commercialization of hydrogen-run vehicles, a technology auto OEMs have already tested and proven?" the first government official cited above said. "The dispensing infrastructure at this point in time exists only in a handful places, and we need to make it economically feasible to scale it across the country as soon as possible." The official emphasized the need to establish the feasibility and return on investment for hydrogen dispensing stations, noting that there are no local manufacturers of the components required for building dispensing stations in India. Instead, assemblers are dependent on imported components.

The government is studying a roadmap to set up a hydrogen dispensing ecosystem. This includes a report with inter-ministerial recommendations involving seven to eight ministries, each tasked with specific responsibilities. "There are enablers needed from various ministries, once they are identified, then a comprehensive roadmap can be chalked out and various accountability parameters and timelines will be set in motion" the official cited above stated, adding that a scientific study conducted by the World Resources Institute (WRI) will also serve as a resource for the discussions.

A crucial aspect of the plan is determining the appropriate storage pressure for hydrogen, ranging from 350 to 700 bar. High-pressure storage is essential for maximizing efficiency and safety, but comes at a price. "We want to have a hydrogen ecosystem quickly because the auto industry is ready with vehicles and technology," the official added. "Hydrogen is already a proven technology. Now the onus is on the filling infrastructure to be ready as fast as possible."

A group of ministers will deliberate on the necessary enablers for hydrogen as a mobility fuel. The inter-ministerial meeting will also consult potential private entrants, particularly those in the steel and high-pressure systems sectors, to foster a conducive environment for hydrogen infrastructure development.

Queries sent to the ministry of road transport and highways and the ministry of new and renewable energy remained unanswered till press time.

**5 mt**
India's green hydrogen production target

The panel will brainstorm the right amount of pressure for hydrogen storage. For instance, hydrogen internal combustion engines require pressure of only 200-220 bar, which can be achieved by using the same technology required for dispensing compressed natural gas (CNG). Leading original equipment manufacturers (OEMs) have used this in their testing facilities for homologation.

"Interestingly, we view hydrogen-internal combustion engine vehicles as a low-hanging fruit because pilots OEMs have done have utilized similar technology used for CNG-dispensing infrastructure, because in these cases, hydrogen is stored at less than 200-220 bar pressure". "Achieving a consensus on the standard storage pressure will be key to working out other aspects of the ecosystem", he added.

Hydrogen ICE vehicles typically operate with hydrogen stored at pressures around 200-220 bar, which is lower than the 350-700 bar pressures required for fuel cell electric vehicles (FCEVs). This lower pressure range is more compatible with existing CNG infrastructure, which also operates within a similar pressure range.

India now seems keen to adopt alternative fuels to achieve net-zero emissions goals in the mobility sector, extending its focus beyond electric vehicles. Under the national green hydrogen mission, India aims to produce 5 million tonnes (MT) of green hydrogen by 2030. Achieving this target necessitates diversified and localized value chains, economies of scale, and a robust network of dispensing stations.

The commercialization of hydrogen as a fuel presents challenges, including high upfront costs of setting up high-pressure (700 bar) dispensing stations. The upcoming government roadmap will address critical aspects such as obtaining safety clearances and adopting regulatory safety permissions for these stations, as well as local manufacturing of type 3 and type 4 cylinders, which is crucial to reduce dependency on imports and lower costs.

# Kempinski Hotels looks to follow where travellers are going

Varuni Khosla
varuni.k@livemint.com
NEW DELHI

Hotel rates that increased significantly—and remain elevated —in response to the post-pandemic travel boom are likely to decline in the coming quarters as demand eases and tourists experiment with cheaper options. A top executive at Switzerland-headquartered luxury chain Kempinski Hotels S.A. said there is now a sea change in the way the free, independent traveller is moving about the world, experimenting far more with 'destination dupes' or locations that offer a similar experience for a lower price.

"The informed traveller is more willing to try new destinations now. If they want a good standard of hotel for less, they now opt for other locations like Portugal, St. Moritz, Slovakia, Latvia, Bulgaria, etc. That's why we're looking at new locations seriously. For instance, we have lodges coming up in Tanzania and hotels in Lombok and Ubud, Indonesia, which we are excited about. There is more in the pipeline in Asia and then the Middle East," Amanda Elder, chief commercial officer of Kempinski said in an exclusive interview with *Mint*.


Amanda Elder, chief commercial officer, Kempinski Hotels S.A.

She is also a member of the management board of the hotel major. The Bahraini royal family now owns this business, after buying out the King of Thailand who earlier held a majority stake.

"In fact, if we had a good destination in India, it would be great for us as the Indian traveller has become very important for hospitality companies. We are still fondly remembered when we were in India about a decade ago with The Leela," she added.

In 2013, Kempinski and The Leela mutually decided to discontinue their 25-year-old branding alliance due to strategic reasons. Kempinski, one of the world's oldest luxury hotel groups, maintained its partnership with the local builder Ambience Group in Delhi till 2015 to manage its one hotel in the city. It had then hoped it would have about five hotels here by 2020, but couldn't achieve that goal. The company still hopes to flag its brand in metros like Delhi and Mumbai and could even look at existing luxury hotel properties that are seeking rebranding.

"We want to, because we know there is an appetite for consumption. There's a financial upside to it as well and we recognize that. There is also the value of brand recognition. When a hotel company is present in a market, people have trust in it when they travel overseas. So we need to find the right partner here (in India), someone who wants our culture and our brand positioning," she said.

At present, Kempinski has 82 hotels and residences around the world, which it wants to grow to about 100 in the coming years. "Overall, rather than having a target number of hotels in mind, we know that the world is now redefining what luxury is and the destinations we are looking to open in the future could see portfolio shifts based on the choices of travellers," she added.

# Xiaomi India profit plunges 77%, revenue dips in FY23

PTI
feedback@livemint.com
NEW DELHI

Chinese smart device maker Xiaomi Technology's profit in India nosedived 77% year-on-year to ₹238.63 crore in the 2022-23 fiscal, according to a regulatory filing.

The company had posted a profit of ₹1,057.7 crore in the preceding financial year.

Xiaomi's revenue from operations declined by about 32% to ₹26,697 crore in FY23 from about ₹39,100 crore in FY22.

Xiaomi earned ₹26,395 crore from the sale of products and ₹264 crore from the sale of services, which include advertisements and value-added services, among others, during the year under review.

The company recorded a 25% decline in smartphone shipment during 2022, including three quarters of FY23, while it is still leading the Indian smartphone market with a 21% market share, according to market research firm IDC.

**The firm recorded a 25% decline in smartphone shipment during 2022, including three quarters of FY23**

Research analysts differed in their estimate of Xiaomi's smartphone market share in India for the March 2024 quarter.

Cybermedia Research estimates it to be marginally behind Samsung at 18.6%, Counterpoint Research projected it at 18.8%, while IDC pegs it to be around 13%.

The company recently completed 10 years of operations in India.

During the past decade, it has had several run-ins with the government, especially around taxes and payments to the vendors.

The company plans to double device sales in the next 10 years to 70 crore from 35 crore that it has sold in the last 10 years.

भारतीय रिज़र्व बैंक
RESERVE BANK OF INDIA
www.rbi.org.in

Premises Department, Central Office, Mumbai
Notice inviting Request For Proposal

RESERVE BANK OF INDIA INVITES REQUEST FOR PROPOSAL (RFP) FROM CENTRAL PUBLIC SECTOR UNDERTAKINGS (CPSUs) FOR SELECTION OF PROJECT MANAGEMENT CONSULTANT (PMC) ON DEPOSIT BASIS FOR CONSTRUCTION OF RESIDENTIAL FLATS FOR OFFICERS AT EKTA NAGAR, MAZAGAON, MUMBAI - 400010

The last date for submission of Bids (Part-I & Part-II) is 22-08-2024 (till 2:00 PM). Part-I of the Bid will be opened on 22-08-2024 at 3:00 PM.

For full details, visit our website www.rbi.org.in under the link Tenders or the MSTC Portal (https://www.mstcecommerce.com/eprocn).

Further information/corrigendum/addendum if any, will be uploaded on the Bank's website and MSTC portal and will not be published in any newspaper.

The Bank reserves the right to reject any or all the applications for this RFP.

Mumbai — Chief General Manager - In charge

"Don't get cheated by E-mails/SMSs/Calls promising you money."

Have fun with facts on Sundays

Catch the latest column of

HT TWTW
THE WEEK THAT WAS

A quiz on the week's development.




MUNJAL SHOWA
**MUNJAL SHOWA LIMITED**
**CIN:** L34101HR1985PLC020934
**Registered Office & Works**: 9-11, Maruti Industrial Area, Sector-18, Gurugram -122015 (Haryana)
**Tel.:**+91-124-4783000; **Email:** cs@munjalshowa.net
**Website:** www.munjalshowa.net

**NOTICE OF THIRTY NINTH ANNUAL GENERAL MEETING AND RECORD DATE**

NOTICE is hereby given that the 39th Annual General Meeting **('AGM')** of Munjal Showa Limited **('Company')** will be held on **Wednesday, August 21, 2024 at 11.00 A.M (IST)** through Video Conference **('VC')** in compliance with the applicable provisions of the Companies Act, 2013 **('Act')** and rules made thereunder and the SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015 **('Listing Regulations')** read with all applicable circulars on the matter issued by Ministry of Corporate Affairs **('MCA')** and the Securities and Exchange Board of India **('SEBI')**, to transact the businesses as set out in the Notice calling the AGM. Members will be able to attend the AGM through VC.

1. **Availability of Annual Report and Notice of AGM:**
In compliance with the Relevant Circulars, the Notice of the AGM and Annual Report for the financial year 2023-24 will be sent to all the members of the Company whose email addresses are registered with the Company/Registrar & Share Transfer Agent **('RTA')**/ Depository Participants **('DPs')**. The same will also be available on the website of the Company at www.munjalshowa.net, stock exchanges i.e. BSE Limited at www.bseindia.com and National Stock Exchange of India Limited at www.nseindia.com and e-voting website of Central Depository Services (India) Limited **('CDSL')** at www.evotingindia.com.

2. **Manner of registering / updating email address:**
(a) Members holding shares in physical mode, who have not registered/updated their email addresses with the Company, are requested to register/update the same by sending scanned copy of (i) signed request letter mentioning name, folio number and complete address (ii) self-attested scanned copy of the PAN Card and (iii) self-attested scanned copy of any document (such as Aadhar Card, Driving Licence, Election Identity Card, Passport) in support of the address of the member as registered with the Company, to RTA of the Company, MCS Share Transfer Agent Limited at helpdeskdelhi@mcsregistrars.com or admin@mcsregistrars.com.
(b) Members holding shares in dematerialised mode, are requested to register/update their email addresses with the respective DP for receiving all communications from the company electronically.

3. **Manner of casting vote(s) through e-voting:**
(a) Members will have an opportunity to cast their vote(s) on the business as set out in the Notice of the AGM electronically either through remote e-voting system available before the AGM or through electronic voting system which will be available during AGM.
(b) The manner of remote e-voting and e-voting during the AGM by members holding shares in dematerialised mode, physical mode and for members who have not registered their email addresses will be provided in the Notice of the AGM. The remote e-voting period commences on Sunday, August 18, 2024 from 9:00 A.M. and ends on Tuesday, August 20, 2024 at 5:00 P.M. The details will also be available on the website of the Company at www.munjalshowa.net.
(c) The facility for e-voting at the AGM will be available for those members attending the AGM who have not cast their vote(s) by remote e-voting.

4. **Cut of Date for Dividend and Payment thereof:**
(a) The Company has fixed **Friday, August 02, 2024 as 'Cut of Date'** for determining entitlement of members to dividend, recommended by the Board of Directors of the Company for the financial year ended March 31, 2024.
(b) Further also, the Register of Members and Share Transfer Books of the Company will remain closed from **Saturday, August 03, 2024 to Wednesday, August 21, 2024 (both days inclusive)** for the purpose of Annual General Meeting of the Company.
(c) The said dividend shall be paid or the dividend warrant shall be dispatched on or before Thursday, September 19, 2024.
(d) As per the Relevant Circulars, payment of dividend shall be made through electronic mode to the members who have updated their bank account details. Dividend warrants/demand drafts will be despatched to the registered address of the members who have not updated their bank account details.
(e) Members may note that the Income Tax Act, 1961, as amended by the Finance Act, 2020, mandates that dividends paid or distributed by a company after 1st April, 2020 shall be taxable in the hands of the members. The Company shall, therefore, deduct Tax at Source (TDS) at the time of making payment of the dividend. In order to enable us to determine the appropriate TDS rate, as applicable, members are requested to submit the documents in accordance with the provisions of the Income Tax Act, 1961. For more details, please refer to the Notes to the Notice of AGM.

5. **Manner of registering mandate for receiving dividend:**
(a) Members holding shares in dematerialised mode are requested to register/update bank account details with their respective DP.
(b) Members holding shares in physical mode may send a request to the RTA of the Company, at helpdeskdelhi@mcsregistrars.com or admin@mcsregistrars.com providing:
**(i)** Scanned copy of the signed request letter which shall contain member's name, Folio No., bank details (Bank account number, bank and branch name and address, IFSC, MICR details **(ii)** self-attested copy of the PAN card and **(iii)** cancelled cheque leaf.

**Members are requested to carefully read all the Notes set out in the Notice of the AGM and in particular, instructions for joining the AGM, manner of casting vote through remote e-voting and through e-voting during the AGM.**

**By the order of the Board of Directors**
**Sd/-**
**Neha Bansal**
**M. No: A38848**
**Company Secretary & Compliance Officer**

**Place : Gurugram**
**Date : July 13, 2024**